# कार्यालय उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा।

474/1, सिविल लाइन्स, निकट जवाहर बाग, मथुरा।

पत्रांक 399 /ब्र0ती0वि0प0/2023–24, दिनांक 01/08 ~~जुलाई~~ 2023

**प्रेस–विज्ञप्ति**

**(आइऐ, भगवान श्री कृष्ण की लीला भूमि पर उनके जन्मोत्सव को अविस्मरणीय बनायें)**

पावन नगरी मथुरा को भगवान श्री कृष्ण के जन्म स्थान होने का गौरव प्राप्त है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सम्पूर्ण भारत में प्रत्येक वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान होने के कारण यह पावन पर्व मथुरा एवं ब्रज के सभी मन्दिरों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, जिसका आनन्द लेने देश–विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। उ0प्र0 पर्यटन विभाग, उ0प्र0 संस्कृति विभाग, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाता रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर की सजावट, विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक व अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जन्मोत्सव पर्व के अवसर पर स्थानीय जन के साथ–साथ भारी संख्या में जनपद के बाहर से श्रद्धालु ब्रज क्षेत्र में आकर उत्सव में प्रतिभाग कर आनन्दित होते हैं।

**अतः ब्रज में कार्य करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं, श्री राधाकृष्ण की आराधना में लीन धार्मिक संस्थाओं, व्यवसायी संस्थाओं तथा स्थानीय महानुभावों/ ब्रजवासियों से अपील की जाती है कि कृपया इस वर्ष भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए इसे अविस्मरणीय बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।**

**उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा सभी संस्थाओं एवं स्थानीय गणमान्य निवासियों को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में परस्पर सामंजस्य हेतु आंमत्रित करता है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी साज–सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आप अपने कार्य क्षेत्र, निवास क्षेत्र में जन्मोत्सव को समारोहित करने हेतु यदि कोई नई गतिविधियों, साज–सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने हेतु सहयोग करना चाहते हैं तो दिनांक 20.08.2023 तक अपना प्रस्ताव परिषद को प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे हम आप हम – आप मिलकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को हर्षोउल्लास एवं सहभागिता के साथ मना सके।**

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

प्रतिलिपि–यूनीकॉम एडवरटाईजिंग, कृष्णा नगर मथुरा को इस आशय से कि तीन दैनिक समाचार पत्रों (अमर उजाला, दैनिक जागरण व हिन्दुस्तान) में प्रकाशित कर बीजक कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**